# आकाशवाणी, गोरखपुर

**दिनांक–05 नवम्बर 2025** **सान्ध्य समाचार**

कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर आज पूरे देश में देव दीपावली मनायी जा रही है। देवाधिदेव महादेव की नगरी काशी में ऐतिहासिक परम्परा वाली देव दीपावली मनाने के लिये लाखों श्रद्धालु पहुंचे हुए हैं। इनमें बड़ी संख्या विदेशी पर्यटकों की भी है। काशी के देव दीपावली में शामिल होने के लिये मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी वाराणसी पहुंचे हैं। एक रिपोर्ट.....

***भगवान शंकर की नगरी काशी में आज गंगा घाटों पर देवो की अगवानी के लिए गोधूलि बेला के बाद देवालय, घाट, कुंड और तालाब 25 लाख दीपों की रोशनी से जगमग हों उठे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नमो घाट से देव दीपावली महोत्सव का शुभारंभ किया। महोत्सव में इस वर्ष 25 लाख दिए जिसमें 10 लाख सरकार की ओर से और 15 लाख जन सहभागिता से दीप प्रज्ज्वलित किए गए। इनमें से एक लाख से अधिक दीये गाय के गोबर से निर्मित है, अबसे कुछ देर बाद गंगा पार आतिशबाजी भी शुरू होगी और लेजर शो भी श्रद्धालु देख सकेंगे। आकाशवाणी समाचार के लिए वाराणसी से मनीष सिंह।***

**********

कार्तिक पूर्णिमा के मौके पर आज भोर से ही श्रद्धालुओं ने प्रदेश की पवित्र नदियों में डुबकी लगायी और पूजा पाठ किया। इस शुभ अवसर पर रामनगरी अयोध्या में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। लाखों श्रद्धालुओं ने सरयू की पावन धारा में डुबकी लगाकर पुण्य लाभ की कामना की। इस बीच, महीने भर से अयोध्या में ठहरे कल्पवासियों ने आँवले के वृक्ष के नीचे पूजन–अर्चन कर कल्पवास पूर्ण किया। कार्तिक पूर्णिमा पर वाराणसी, प्रयागराज, बलिया, बलरामपुर, गोरखपुर सहित कई जिलों में पवित्र नदियों में स्नान करने के लिये तड़के से ही श्रद्धालुओं का हुजूम देखा गया। इस अवसर पर नदियों के तट पर मेला भी लगा रहा।

**********

सिख धर्म की स्थापना करने वाले सिखों के पहले गुरु, नानक देव जी की पांच सौ छप्पनवीं जयंती आज पूरे देश में धार्मिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनायी जा रही है। गुरू की याद में प्रदेश भर के गुरुद्वारों में गुरूवाणी कीर्तन सहित लंगर सेवा के आयोजन किये गये। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी इस मौके पर आज लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रतिभाग किया।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ में माफिया से मुक्त करायी गयी जमीन पर निर्मित सरदार वल्लभ भाई पटेल आवासीय योजना का लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह के दौरान उन्होंने आर्थिक रूप से दुर्बल वर्ग के बहत्तर परिवारों को फ्लैट के आवंटन पत्र सौंपे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि ये आवास स्पष्ट संदेश हैं कि माफिया से छीनीं गयी भूमि पर अब गरीबों के घर बनेंगे।

**********

दस और ग्यारह नवम्बर को प्रदेश भर के उप निबंधक कार्यालयों में सम्पत्ति रजिस्ट्री के कार्य नहीं होंगे। स्टाम्प एवं पंजीयन विभाग आठ से ग्यारह नवम्बर के बीच अपने ऑनलाइन पोर्टल के लिये क्लाउड सर्वर को बदलने जा रहा है। आठ और नौ नवम्बर को द्वितीय शनिवार तथा रविवार के अवकाश के बाद सोमवार–मंगलवार को उप निबंधक कार्यालय तो खुलेंगे लेकिन आम जन के कार्य नहीं होंगे।

**********

नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा कई क्षेत्रों में जीएसटी दरों में कटौती के साथ, 22 सितंबर को शुरू किए गए जीएसटी बचत उत्सव से पर्यटन और आतिथ्य सेवा क्षेत्र को भी काफी लाभ मिल रहा है। एक रिपोर्ट–

***नये जीएसटी सुधार पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्र को बढ़ावा देने के लिये बूस्टर डोज साबित हो रहे हैं। नये कर ढांचे के अंतर्गत 7 हजार 500 रुपये तक की कीमत वाले होटल के कमरों पर, कर की दर 12 प्रतिशत से घटाकर 5 प्रतिशत कर दी गई है। इसके कारण मध्यम आय वर्ग के लोगों का होटल में रहना अधिक किफायती हो गया है। इसी तरह दस से ज्यादा व्यक्तियों की क्षमता वाले बसों पर जीएसटी की दर में दस प्रतिशत कटौती होने से पर्यटकों के परिवहन व्यय में भी कमी आयी है। जीएसटी सुधार से पर्यटकों को जहां लाभ पहुंच रहा है वहीं पर्यटन को भी मजबूती मिल रही है। समाचार कक्ष से रीतेश।***

**********

मिर्जापुर में चुनार रेलवे स्टेशन पर आज सुबह रेलवे ट्रैक पार करते समय कालका–हावड़ा मेल रेलगाड़ी की चपेट में आने से छः श्रद्धालुओं की मौत हो गई। जिला मजिस्ट्रेट पवन कुमार गंगवार ने बताया कि कार्तिक पूर्णिमा के पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं को लेकर गोमोह–प्रयागराज बरवाडीह पैसेंजर रेलगाड़ी सुबह नौ बजकर पन्द्रह मिनट पर सोनभद्र से प्लेटफॉर्म नंबर चार पर पहुँची। प्लेटफॉर्म नंबर चार पर उतरने के बजाय श्रद्धालु दूसरी तरफ उतर गए और प्लेटफॉर्म नंबर तीन पर पहुँचने के लिए पटरी पार करने की कोशिश की परंतु वहाँ से गुजर रही कालका मेल रेलगाड़ी की चपेट में आ गए। इस हादसे में जान गंवाने वाले सभी छः लोगों की पहचान सोनभद्र जिले के निवासियों के रूप में हुयी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय मंत्री तथा स्थानीय सांसद अनुप्रिया पटेल ने रेल दुर्घटना पर पर शोक व्यक्त करते हुए अधिकारियों को तुरंत घटनास्थल पर पहुँचने, राहत कार्य में तेजी लाने और घायलों का उचित इलाज सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

**********